Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Need to expedite the process for recruitment in Indian Army.

श्री राजकुमार चाहर (फतेहपुर सीकरी): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे शून्यकाल में एक महत्वपूर्ण विषय रखने का अवसर प्रदान किया, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । मैं आपके माध्यम से इस विषय पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं । पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के आगरा जनपद में आनंद इंजीनियरिंग कॉलेज के अंतर्गत सेना की भर्ती मेले का आयोजन हुआ था । सेना भर्ती मेले में हजारों नौजवानों ने शारीरिक दक्षता और दौड़ आदि की जो प्रक्रिया होती है, उसको पूरा किया था । परन्तु, एक वर्ष पूरा होने के बाद भी अभी तक उन नौजवानों की लिखित परीक्षा नहीं कराई गई है ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि हजारों नौजवान जो आस लगाए बैठे हैं, उनकी लिखित परीक्षा कराने की व्यवस्था कराई जाए, ताकि उन्होंने फौज में भर्ती होने का जो सपना देखा है, वह पूरा हो सके । धन्यवाद ।